Seventeenth Loksabha

an>

16.30½hrs

MATTERS UNDER RULE 377*- Contd.

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन बचे हुए मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे।

Title: Need to start train services from Bhupdevgarh to Dharamjaigarh and from Dharamjaigarh to Raipur in Chhattisgarh

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़): रेल कोरीडोर परियोजना भूपदेवपुर से धरमजयगढ़ पूर्ण हो चुकी है और इसमें माल गाड़ी से कोयला परिवहन माह नवम्बर 2019 से निरंतर हो रहा है। जबकि इस कॉरीडोर परियोजना में पेसेंजर ट्रेन चलाने का प्रावधान है परन्तु आज दिनांक तक पैसेंजर ट्रेन चालू नही हुई है । पैसेंजर ट्रेन परिचालन हेतु सभी निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्था जैसे टिकट काउण्टर , स्टेशन , प्लेटफार्म कार्य पूर्ण हो चुका है । धरमजयगढ़ क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ के लोगो का वर्षों पुराना सपना है कि रेल गाड़ी में बैठकर जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं राजधानी रायपुर की यात्रा करें।

धरमजयगढ़ से जिला मुख्यालय रायगढ़ होते हुए झारसुगड़ा एवं राजधानी रायपुर को जोड़ने के लिए पैसेंजर ट्रेन चलाई जायें । रायगढ़ रेलवे स्टेशन की सुविधाओं में भी विस्तार की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूँ। जिला मुख्यालय रायगढ़ शहर के बीचों बीच में रेलवे स्टेशन है। स्टेशन के दोनो ओर शहर बसा हुआ है। मुख्य प्लेटफार्म में आने के लिए पूरे शहर का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य प्लेटफार्म की विपरीत दिशा दक्षिण में प्लेटफार्म निर्माण, नया टिकट घर, वाहन स्टैण्ड एवं फुट ओवरब्रिज की अति आवश्यकता है। साथ ही दिव्यांगो एवं बुजुर्गों को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म में जाने सीढ़ी से चढ़ कर जाने में कठिनाई होती है। इसलिए दिव्यांगों एवं बुजुर्गों से संबंधित सभी विशेष सेवाओं का निर्माण किया जाए।